तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


पुलिस महानिरीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण, दरबार लगाकर सुनी पुलसकर्मियों की समस्याएं

4



## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आज

**जांजगीर–चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र व करियर ट्री. एच.आर.सॉल्यूशन प्रा.लिमि. चेन्नई उपस्थित रहेगें। पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा डी.जी. आपरेटर के 30 पदों पर भर्ती की जायेगी व करियर ट्री एच.आर.सॉल्यूशन प्रा.लिमि.चेन्नई द्वारा आपरेटर के 100 पद, ट्रेनी के 50 पद.व अप्रेंटिस 40 पदों पर, भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता ट्रेनी हेतु 10वी 12वी उत्तीर्ण व अन्य पदों हेतु आई.टी.आई., डिप्लोमा डीजल मैकेनिक, फीटर, वेल्डर इलेक्ट्रीशियन निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 13000-22176 रुपए व अन्य भत्ता प्रतिमाह दिया जावेगा। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष ट्रेनी व अप्रेन्टिस पद के लिए महिला आवेदिका भी पात्र होगें चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ व अन्य राज्य रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर–चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

### कवि सम्मेलन में बहेगी कविता की रस धारा

**जांजगीर–चांपा।** सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का शुभारंभ मंगलवार 23 दिसंबर को सूर्यांश मेगा मैडिकल कैम्प से हुआ। मेगा मैडिकल कैम्प क्षेत्र के आस पास के ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में परीक्षण और उपचार कराया।

महामहोत्सव के द्वितीय दिवस 24 दिसंबर को औपचारिक उद्घाटन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। शाम छह बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें प्रसिद्ध जसगीत गायक एवं गीतकार दिलीप षड़ंगी रायगढ़ से, गीतकार मीर अली मीर रायपुर से, हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर राजेंद्र मौर्य बिलासपुर से, हास्य व्यंग्य के कवि शशिभूषण 'स्नेही' बिलाईगढ़ से, श्रृंगार की सुप्रसिद्ध कवियित्री संतोषी महंत 'श्रद्धा' कोरबा से और शायर अनीस अरमान सक्ती से, सुरीले गीतकार उमाकांत टैगोर कन्हाईबंद जांजगीर से, समकालीन कविता के कवि प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी बतौली से, सबरस के कवि संतोष प्रधान कचंदा बाराद्वार से, ओज के कवि डॉ. यशवंत यश सूर्यवंशी दुर्ग से कविता पाठ करेंगे। राष्ट्रीय कवि संगम जाँजगीर के जिला अध्यक्ष कवि सुरेश पैगवार कवि सम्मेलन का संचालन करेंगे।

एसआईआर: मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति के लिए माह भर का समय

# कटे 59 हजार मतदाताओं के नाम साढ़े 28 हजार से अधिक राडार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। प्रारंभिक तौर पर गणना पत्रक भरने के बाद जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार जांजगीर चांपा जिले में 59 हजार से अधिक मतदाता के नाम काटे गए है। इनमें मृतकों की संख्या 16 हजार के करीब है, जबकि शेष अनुपस्थित पलायन पर गए और अन्य जगहों पर शिफ्ट होने वाले ऐसे मतदाता है, जिनसे संपर्क नहीं हो सका। इसके अलावा सी कैटेगेरी वाले साढ़े 28 हजार से अधिक ऐसे मतदाता है, जिनके नाम काटे जाएंगे। हालांकि हालांकि इन्हें दावा आपत्ति के लिए पूरे महीने दिन का समय दिया गया है।

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य प्रारंभ किया गया। इसके तहत मतदाताओं के सत्यापन एवं एसआईआर के डिजिटाइजेशन के लिए 4 नवम्बर से 18 दिसम्बर (संशोधित तिथि) के बीच बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर पूर्ण किया गया। इस कार्य की पूर्णता के उपरांत आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार 23 दिसंबर को एसआईआर के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक लेकर निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



प्रारंभिक सूची के अनुसार जिले में कुल 6 लाख 99 हजार 107 मतदाताओं में से 16 हजार 256 मतदाता स्वर्ग सिधार चुके है। वहीं 10 हजार 265 मतदाता अनुपस्थित मिले, जबकि 28 हजार 592 स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए है। इसी तरह 4 हजार 467 मतदाताओं का नाम अन्य जगहों पर दर्ज है। इसके अलावा अन्य कारणों से 149 लोगों से संपर्क नहीं हो सका। इस तरह से कुल 59 हजार 729 फार्म अनकलेक्टेबल मिले है। जिनका नाम काटा गया है। इसके अलावा कैटेगेरी सी में 28 हजार 838 ऐसे मतदाताओं का नाम चिन्हांकि किया गया है, जिनके ना तो स्वयं के और ना ही उनके माता पिता का 2003 की मतदाता सूची में मिलान हुआ है। ऐसे में आवश्यक दस्तावेज के साथ इन्हें दावा आपत्ति प्रस्तुत करने कहा गया है। यदि निर्धारित समय में दस्तावेज जमा नहीं होता है तो उनके नाम भी मतदाता सूची से विलोपित किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक सूची के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत 23 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के समस्त मतदान केन्द्रों के साथ-साथ ईआरओं तथा एईआरओं कार्यालय में किया गया है। 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा एवं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, एसडीएम पामगढ़ देवेन्द्र चौधरी, शिशिर द्विवेदी, जगमोहन पाटले, हितेश यादव, मोहन यादव, अजीत गढ़वाल, अभिषेक मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 68 हजार 901 मतदाताओं ने जमा नहीं किए गणना पत्रक



**सक्ती।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 23 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को जिले में संपादित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावा एवं आपत्ति अवधि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र के नाम कटाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो युवा वोटर 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 साल के हो गए हैं या 1 अक्टूबर 2026 तक हो जाएंगे, उन्हें फार्म-6 में घोषणा पत्र के साथ आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि सभी मतदाताओं एवं सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता से 18 दिसम्बर 2025 तक जिले में कुल 7 लाख 29 हजार 853 मतदाताओं में से 6 लाख 60 हजार 952 मतदाताओं ने अपने गणना पत्रक जमा करवाएं जो एसआईआर के प्रथम चरण में व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ही 03 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 17 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 11 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 718 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम सहित निर्वाचन कार्यालय के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# बाउण्ड्रीवाल को लेकर बलवा महिलाओं सहित 7 गिरफ्तार

## बलौदा थाना क्षेत्र के करहीडीह का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाउण्ड्रीवाल बनाने के नाम पर हुए विवाद में एक राय होकर बलवा, मारपीट करने वाले 5 महिला सहित 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के करहीडीह का है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती अंजू कुमारी कुर्रे निवासी करहीडीह द्वारा 21 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि गांव के ही धर्मेन्द्र कुर्रे, जितेन्द्र कुर्रे, जागेश्वरी कुर्रे, मोगरा, कुर्रे सुमन कुर्रे, पूनम कुर्रे एवं राजेश्वरि कुर्रे एक राय होकर बाउड्री बनाने की बात को लेकर प्रार्थीया एवं उसके पति करन कुर्रे व घर के अन्य सदस्य को गाली गलौज कर हाथ मुक्का व लाठी एवं ब्लेड से मारपीट किया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध धारा 119(2), 296, 351 (2), 115(2) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़कर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया पुलिस ने धर्मेन्द्र कुर्रे उम्र 35 वर्ष, जितेन्द्र कुर्रे उम्र 39 वर्ष, श्रीमती जागेश्वरी कुर्रे उम्र 37 वर्ष, श्रीमती मोगरा, कुर्रे उम्र 47 वर्ष, श्रीमती सुमन कुर्रे उम्र 34 वर्ष, श्रीमती पूनम कुर्रे उम्र 27 वर्ष सभी निवासी करहीडीह, श्रीमती राजेश्वरी कुर्रे उम्र 32 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, सउनि प्रतिभा राठौर एवं थाना बलौदा स्टाफ का योगदान रहा।

# जेएसडब्लयू प्लांट गेट के सामने बार-बार धरना प्रदर्शन, महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा नगर का मामला

जेएसडब्लयू प्लांट मुख्य गेट के सामने बार बार धरना प्रदर्शन करने वाले महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कई बार अवैध रुप से रुपए की मांग की गई थी। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर को सत्यप्रकाश निर्मलकर, ज्योति नोरगें द्वारा जे.एस डब्लू प्लांट के मुख्य गेट के अंदर धक्का मुक्की करते हुए जबरन गेट के अंदर घुस गये एवं सुरक्षागार्ड व अन्य कर्मचारी द्वारा मना करने पर गाली गलौच पर ऊतारू हो गये एवं मुख्य गेट में बैठकर आवागमन को बंद कर दिये पूर्व में भी आरोपियों के द्वारा जे.एस डब्लू मुख्य गेट पर एवं अंदर घुसकर आवागमन बाधित कर तोड फोड का धमकी दिये थे। कई दिनों के द्वारा अवैध पैसा की मांग की गई थी। आरोपियो के द्वारा बार बार स्वंय के नाम पर जमीन नही होने के बाद भी कुछ ग्रामीणों को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर जेएसडब्लू मुख्य गेट के सामने आवागमन बाधित करते थे और साथ ही अंदर घुसने का प्रयास करते थे। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2),333, 308(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व दोनो आरोपियो के विरूद्ध थाना अकलतरा में अप क्र 582/25 धारा 126(2), 332(A),3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त दोनो प्रकरण में आरोपियो के द्वारा बार बार स्वंय के नाम पर जमीन नही होने के बाद भी कुछ ग्रामीणों को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर जेएसडब्लू मुख्य गेट के सामने आवागमन बाधित करते थे और साथ ही अंदर घुसने का प्रयास करते थे। इसके अलावा तोड फोड का धमकी देते थे जिससे कई मजदूर व कर्मचारी का जीवन प्रभावित होता था। साथ ही साथ उनके परिवार भी प्रभावित होते थे। वाहनो को अंदर नही जाने देने से कंपनी के उत्पादन में भारी कमी आती थी। जिससे भारी नुकसान होता था। कंपनी प्रबंधन कई बार आरोपियो से बातचीत करने का प्रयाश किये परंतु आरोपियों के द्वारा ब्लेक मेल किया जाता था। अवैध पैसे का मांग किया जाता था जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा स्टाफ का योगदान रहा।

### चांपा में व्यापारिक संगठनों का समर्थन, सभी दुकानें रहेंगी बंद

**चांपा।** सर्व समाज के आह्वान पर बुधवार 24 दिसंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ बंद को लेकर चांपा नगर में भी व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है। इस महाबंद अभियान के समर्थन में चैंबर ऑफ कॉमर्स की चांपा इकाई के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सराफा संघ ने भी अपना समर्थन घोषित किया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स चांपा के अध्यक्ष सुनील सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बंद के दौरान नगर एवं आसपास के आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापारियों द्वारा अपने ग्राहकों को पूर्व सूचना दी जा रही है। उन्होंने नगरवासियों, व्यापारियों एवं सर्व समाज से अपील की है कि इस महाबंद अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# मनरेगा में 128 हाजिरी, नजर नहीं आ रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



ग्राम पंचायत कपिस्दा में मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य किया गया। खास बात यह है कि इस 7 दिन के काम में 49 मजदूरों की 128 हाजिरी दर्ज की गई है। साथ ही रोपित किए गए पौधे भी जीवित नहीं बचे है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कपिस्दा में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए पौधरोपण कार्य में भारी गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। शिकायत के अनुसार 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक चारागाह भूमि में कुल 278 पौधों का रोपण कराया गया, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि मौके पर एक भी पौधा जीवित नहीं बचा है। चारागाह भूमि पर न तो हरियाली दिखाई दे रही है और न ही पौधों के संरक्षण से जुड़ी कोई व्यवस्था नजर आती है। सबसे चौंकाने वाला पहलू मनरेगा में दर्ज की गई हाजरी को लेकर सामने आया है। महज 7 दिनों के इस कार्य में 49 मजदूरों के नाम से कुल 128 मानक दिवस की हाजरी मनरेगा पोर्टल में दर्ज कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि 278 पौधों के रोपण के लिए इतने अधिक मजदूरों और मानक दिवस की आवश्यकता ही नहीं थी। इसके बावजूद उनके नाम से हाजरी लगाकर भुगतान दर्शाया गया, जो मनरेगा अधिनियम के विपरीत है। इस संबंध में रोजगार सहायक सुनीता कोसले का कहना है कि पौधरोपण का काम हुआ है। मजदूरों ने काम किया है। मजदूर से भी पूछ सकते है।

#### ली जाएगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत कपिस्दा में मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य में मजदूरों के नाम से अधिक उपस्थिति पोर्टल में दर्ज हुई है तो इस मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-समीर पाण्डेय**
तकनीकी सहायक, मनरेगा बम्हनीडीह

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की घटना

छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे दंपति को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शिवरीनारायण की अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 23 दिसंबर दोपहर 12 बजे की है। पामगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम तनौद निवासी कृष्ण कुमार साहू अपनी पत्नी भगवती साहू के साथ बाइक में सवार होकर शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम मुड़पार छठी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा था। शिवरीनारायण से बिर्रा की ओर जा रहे ट्रक के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में भगवती साहू एवं कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान भगवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई साथ ही मामले की सूचना शिवरीनारायण पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घायल को उपचार के लिए शिवरीनारायण अस्पताल भेजा गया। इधर घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसे बिर्रा थाना में पकड़ लिया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप सौंपी चाबी

# पीएम आवास योजना के तहत 1837 परिवारों को मिला आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनादेश परब के तहत जांजगीर चांपा जिले में पीएम आवास योजना के तहत 1837 परिवारों को अपना आशियाना मिला है। कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार करने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना। 22 दिसम्बर को जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित जनादेश परब के अवसर पर केंद्रीय मंत्री



पीएम आवास के तहत घर की चाबी सौंपते केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व सीएम।

जे.पी. नड्डा एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रीमंडल, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिलों में ग्राम स्तर पर भी नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह कार्यक्रम हितग्राही परिवारों के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया गया, जहां वर्षों का इंतजार आज खुशियों में बदलता नजर आया। इस दौरान जिले में 1837 नव निर्मित प्रधानमंत्री आवासों का विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, ग्रामीणजनों एवं हितग्राही परिवारों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्राम स्तर पर आवासों को सजाया गया, विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया तथा हितग्राही परिवारों के चेहरों पर आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व की खुशी स्पष्ट रूप से झलकती रही। यह आयोजन केवल गृह प्रवेश का कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के सुरक्षित जीवन, सामाजिक गरिमा एवं स्थायी आवास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बना। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि शासन की योजनाएं धरातल पर उतरकर जरूरतमंदों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं। आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, ग्रामीणजनों एवं हितग्राही परिवारों की सक्रिय सहभागिता रही।

# महानदी में तैरती मिली महिला की लाश, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण स्थित महानदी में एक महिला का शव तैरते हुए मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक उक्त महिला की शिनाख्ती नहीं हो पाई है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टेंपल सिटी शिवरीनारायण में मंगलवार 23 दिसंबर को महानदी में स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना तुरंत पुलिस को दी। जिसके बाद शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया।



फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों और ग्रामीण इलाकों में पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला कहां की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छग चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ द्वारा सोमवार को नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत का स्वागत किया और समस्त व्यापारियों पर शासन द्वारा ट्रेड लायसेंस के लागू करने के विरोध में मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा आश्वासन दिया गया कि यथा संभव मदद की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान छग चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, प्रदेश मंत्री परमानंद अग्रवाल, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष पारस राम रमानी, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, उपाध्यक्ष नीतीश डालमिया एवं प्रेम रामचंदानी उपस्थित रहे।

### रेड क्रॉस का एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय ईवीपीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग तथा प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन एवं रेड क्रॉस संयोजक डॉ.अवंतिका कौशिल, सदस्य डॉ.ज्योति राठौर के निर्देशन में एचआईवी एड्सा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ.शैलेन्द्र कुमार गौतम, डॉ.रूपमती मरावी, सुश्री पूर्वा रानी, सुश्री अर्पणा कुजूर और चंदन चौहान के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को एचआई एड्स के कारणों, लक्षणों, रोकथाम तथा इससे संबंधित भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के विशेषज्ञों एवं संगीता चनापे द्वारा एचआई एड्सध के संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सही जानकारी और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है तथा इससे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्टेट लेवल वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल शुरु

**कोरबा।** स्टेट लेवल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए कोरबा के (महिला एवं पुरुष) खिलाडियों का सिलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को आयोजित हो चुकी है। एसईसीएल मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित ट्रायल में सीनियर कैटेगरी में खिलाड़ी शामिल होते हैं। सभी खिलाड़ी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ी जिले की टीम से स्टेट चैम्पियनशिप में उतरेंगे। जो 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है। जहां पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा, जो 4 जनवरी से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

### रेड क्रॉस सोसायटी मरीजों को कंबल व चादर का किया वितरण

**कोरबा।** रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल, डिंगापुर में उपचारत मरीजों की सुविधा एवं राहत को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं चद्दरों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती एवं इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा, जिससे उन्हें उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी एवं आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल के एमएस डॉ. पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के धान विक्रय में आ रही बाधाओं का करें निराकरण : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के दौरान जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण अनुसार आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। करतला विकासखण्ड के ग्राम घिनारा निवासी किसान कोमल सिंह राठिया द्वारा धान विक्रय हेतु फौती नामांतरण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पिता मनराम राठिया का निधन हो गया है, किंतु दस्तावेजों में भूमि अब भी उनके पिता के नाम दर्ज होने के कारण उन्हें धान विक्रय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आवेदन करतला तहसीलदार को प्रेषित कर जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करते हुए किसान को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदक निर्दोष कुमार कंवर द्वारा मानदेय भुगतान संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि वे अगस्त 2025 से पंचायत की सर्वसम्मति से कोरबा के प्राथमिक शाला दरगा में मानदेय शिक्षक के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं, किंतु अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। पाली तहसील के ग्राम लोहड़िया निवासी श्रीमती नीरा बाई, पति कुशाल सिंह द्वारा रकबा संशोधन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त वनाधिकार पट्टा अंतर्गत उनकी कुल भूमि 0.809 हेक्टेयर है, जिस पर धान की फसल लगाई गई है, किंतु गिरदावरी में फसल प्रविष्टि के दौरान रकबा शून्य दर्ज हो जाने के कारण उपज विक्रय में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी एवं तहसीलदार पाली को आवेदन की शीघ्र जांच कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को वनाधिकार पट्टा धारक किसानों के धान विक्रय में आ रही समस्याओं का निराकरण कर धान विक्रय में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

## दोनों घटना दीपका थाना क्षेत्र की, पुलिस जुटी जांच में

# दो अलग- अलग मकानों में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दीपका थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है। जहां चोरों ने एक दुकान व मकान में धावा बोलकर हजारों का माल पार कर दिया है। दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलटिकरी बसाहट निवासी फैयाज खान ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 दिसंबर की रात्रि 10 बजे अपना मोबाइल दुकान के शटर का ताला लगाकर घर चला गया था। दूसरे दिन 17 दिसंबर की सुबह 9 बजे दुकान आया और दुकान का शटर खोलकर देखा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पडा है तथा दुकान के शीट का छत टुटा हुआ था। फैयाज ने दुकान में चोरी होने का संदेह पर दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसमें एक व्यक्ति दुकान उपर छत से दुकान अंदर घुस रहा है उसका चेहरा कपडा से बंधा हुआ था जो दुकान के अंदर घुसकर दुकान गल्ले को तोडकर उसमें रखे लगभग 9 हजार रूपये जिसमें को चोरी कर लिया है। दुकानदार ने संदेह जताया है कि चोरी करने वाला व्यक्ति छोटे लाल धनुहार निवासी घुडदेवा बस्ती का रहने वाला है। इसी तरह एसईसीएल गेवरा कॉलोनी के आज़ाद चौक दुर्गा पंडाल के पास रविवार की दोपहर 3 बजे को एसईसीएल कर्मी जयशंकर साहू का आवास क्रमांक माइनस–157 में अज्ञात चोरों ने घर के पीछे आंगन की ओर से दीवार तोड़कर घर रखे 30 से 35 हजार रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए। बताया जाता है कि जयशंकर साहू अपने परिवार के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा के वार्षिक उत्सव में शामिल होने गए हुए थे। दोनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गये हैं।



घर का खिड़की जिसे तोड़कर घुसे थे चोर।

### 36 पार्षदों को चार विभागों का दायित्व

**कोरबा।** निगम के सभापति व अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के तहत विभिन्न सलाहकार समितियों का गठन किया है। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इससे पहले भी दो समितियों का गठन किया था, इस बार चार विभागों के लिए गठित समितियां में 36 पार्षदों को स्थान दिया गया है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद शामिल हैं। निगम अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर द्वारा अधिनियम की धारा 46 के तहत आदेश जारी कर उद्यानिकी विभाग के सलाहकार समिति में तरुण राठौर, विनम्र तिवारी, बद्री किरण, अनुज जायसवाल, चेतन सिंह मैत्री, श्रीमती चंदाबाई, श्रीमती सीमा कंवर ,श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल, श्रीमती सम्मत कुंवर कों शामिल किया गया है। इसी प्रकार जल कार्य विभाग समिति में युगल कैवर्त, पंकज देवांगन, ईश्वर पटेल, कृपाराम साहू, मुकुंद सिंह कंवर, गोपाल कुर्रे, उपेंद्र पटेल, सुभाष राठौड़ और बहत्तर सिंह शामिल किए गए हैं। महिला एवं बाल विभाग समिति में निगम के महिला पार्षदों को शामिल कर समिति बनाया गया है ।

# चारपारा से धनुहारपारा तक 6 किमी की बनेगी पक्की सड़क



भूमिपूजन के दौरान अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

करतला जनपद के ग्राम पंचायत गिधौरी की सरपंच विज्ञानी गोविंद कंवर के दृढ़ निश्चय एवं सतत प्रयास की वजह से ग्राम पंचायत में विकास की गंगा बहने लगी है और क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मूलभूत मांग चारपारा मोहल्ले से धनुहारपारा तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति जिला खनिज न्यास अर्थात डीएमएफ से हुई जिसकी कुल लागत राशि लगभग 7 करोड़ 69 लाख रूपये है।

सड़क निर्माण कार्य आरम्भ करने से पहले 22 दिसम्बर को पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर और अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला श्रीमती अशोका बाई कंवर की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनपद सदस्य वेद चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत गिधौरी श्रीमती विज्ञानी गोविंदा कंवर, श्रीमती शशि कंवर रोजगार सहायक, सुरेन्द्र साहू एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# पॉलीटेक्निक के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में किया उत्कृट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के छात्र अमन राय ने गोला फेंक एवं 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान और उमेश कुमार ने ट्रीपल जम्प में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था में प्रति वर्ष वार्षिक खेलकूद विश्व विद्यालय की समय सारणी अनुसार प्राचार्य के मार्गशन में क्रीडा अधिकारी राहुल देव राठौर के नेतृत्व में संस्था के स्टाफ के सहयोग से आयोजित किया जाता है। छात्र, छात्राओं को अध्यापन के साथ-साथ खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास में प्रोत्साहन हेतु संस्था स्तर पर अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विजेता छात्र, छात्राओं को संस्था एवं विश्वविद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान किया जाता है।




### कैंप की ड्रिल प्रतियोगिता में कैडेटों ने किए शानदार प्रदर्शन

**कोरबा।** जिला 1 सीजी एनसीसी बटालियन की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एसडी, एस डब्ल्यू, जे डब्ल्यू के 2-2 एवं जेडी के 6 प्लाटून बनाए गए जिसमें 4सौ कैडेटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसडी में सीनियर अंडर ऑफिसर वासु टंडन के नेतृत्व में प्लाटून 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एसडब्ल्यू में रमनदीप कौर के नेतृत्व में प्लाटून 3 ग्रुप ए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेडी में जांजगीर के सार्जेंट समीर कश्यप एवं सार्जेंट समृद्धि शर्मा के कमांडिंग वाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय पीजी कॉलेज के द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय बाल बैडमिंटन पुरुष महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ शिखा शर्मा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील गौरहा डॉ अजय यादव बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष समीर अग्रवाल, सचिव जी राजा की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय पीजी कॉलेज, बिल्हा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर एवं डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में फाइनल डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर एवं शासकीय पीजी महाविद्यालय के बीच खेला गया। पीजी कॉलेज में रोमांचक मैच में डीपी कॉलेज बिलासपुर को 2-1 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। महिला वर्ग में भी शासकीय पीजी ने डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर को 2-0 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक तुलसी एवं विनय डहरिया थे। इस अवसर पर क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ संदीप शुक्ला सुशील गुप्ता, श्याम सुंदर तिवारी, शुभम ढोरिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एसके गोविल डॉ विजय नायडू, डॉ बीएल साय, सुशील अग्रवाल केआर टंडन, जेपी कुर्रे, क्रीडा सहायक साहनी चौहान एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं।

## बालको ने भी निभाई भागीदारी

# बालको अस्पताल ने 757 बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में भागीदारी निभाई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 757 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। अभियान की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में अस्पताल से की गई। अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीमों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया।

बालको अस्पताल द्वारा 10 से अधिक प्रमुख स्थानों पर अस्थायी शिविर एवं चलित मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण किया गया। इनमें बालको अस्पताल सहित भदरापारा, कैलाश नगर, परसाभाठा, चेकपोस्ट, सतनाम नगर, दैहानपारा, बालको बस स्टैंड, बेलगिरी बस्ती, सेक्टर-3 दुर्गापूजा पंडाल तथा सेक्टर-4 गैस एजेंसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। साथ ही आगामी दो दिन 'डोर टू डोर' अभियान चलया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा पोलियो टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान के दौरान विशेष रूप से बस स्टैंड और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाए गए, जिससे यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया। बालको अस्पताल, कंपनी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, ठेका श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। है। अस्पताल में 10 आईसीयू और 6 पीडियाट्रिक्स आईसीयू बेड मौजूद है ।



**ईश्तहार / उद्घोष्णा**

रा.प्र.क्र. ....................................
अ-2/2025-26 ग्राम चांपा प.ह.न. 07
तहसील चांपा
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम चांपा प.ह.न. 07 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती खुशबू मोदी पति गणेश जाति अग्रवाल निवासी ग्राम चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 01/01/2026 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

खसरा नं. 527/9 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/12/2025 को जारी किया गया

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूलने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
आयुष्मान भारत योजना
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# तृप्ति ने एयरपोर्ट पर पैपराजी को दिखाया एटीट्यूड...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी हाल ही में जब मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। उनका स्टाइलिश लुक और पैपराजी से शांत तरीके से बात करना लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेकिन, फोटो किल्क कराने के मामले में उन्होंने पैपराजी को एटीट्यूड दिखाया। इस दौरान तृप्ति डेनिम आउटफिट में बेहद स्टाइलिश लुक में नजर आईं। उन्होंने अपने इस लुक को ब्लैक इनर और ब्लैक बूट्स के साथ इनहैंस किया। उनका पूरा लुक सिंपल, आरामदायक और आकर्षक दिखा। चेहरे के आधे हिस्से पर उन्होंने ब्लैक मास्क लगा रखा था, जो पैपराजी को पसंद नहीं आया, क्योंकि इसकी वजह से वह तृप्ति के चेहरे की तस्वीरें क्लिक नहीं कर पा रहे थे।

लाइफ Style



# रश्मिका

## मैसा में नया अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' के निर्माताओं ने आज फिल्म को लेकर एक बड़ा एलान किया है। नए साल से पहले रश्मिका के फैंस को एक सरप्राइज मिलने वाला है। सिकंदर, थामा, छावा, किंगडम और द गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुकीं रश्मिका मंदाना अब एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगी।

इस फिल्म का नाम है 'मैसा'। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खूंखार पोस्टर जारी किया और साथ ही इसकी पहली झलक दिखाने का वादा किया। सोमवार को फिल्म निर्माताओं ने फिल्म 'मैसा' का एक पोस्टर एक्स पर जारी किया। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक दिखाने का वादा करते हुए बताया कि इस फिल्म की पहली झलक 24 दिसंबर को जारी की जाएगी। फिल्म 'मैसा' एक महिला प्रधान पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर है। इसमें रश्मिका एक पूरी तरह नए अवतार में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के रोल से बिल्कुल अलग होगा। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'घावों से ताकत तक। दर्द से आजादी तक। दुनिया #मैसा का नाम याद रखेगी। पहली झलक 24.12.25 को आएगी। रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज में देखने के लिए तैयार रहें।' इस फिल्म को अनफॉर्मूला फिल्म्स बना रहा है। इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और डायरेक्ट किया है। शूटिंग जल्द शुरू होगी। कैमरा संभालेंगे श्रेयास पी कृष्णा (जिन्होंने सूर्या की 'रेट्रो' में काम किया है)। हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस कोरियोग्राफ करेंगे एंडी लॉन्ग (जिन्होंने 'कल्कि 2898 एडी' में काम किया है)।

हॉलीवुड मसाला




# द वायर के लिए जाने जाते थे...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अमेरिकी अभिनेता जेम्स रैन्सोन का 46 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जेम्स रैन्सोन को खास तौर पर एचबीओ की प्रतिष्ठित क्राइम ड्रामा सीरीज 'द वायर' में निभाए गए किरदार चेस्टर जिग्गी सोबोटका के लिए जाना जाता है। सीरीज के दूसरे सीजन में उन्होंने एक ऐसे डॉक वर्कर की भूमिका निभाई थी, जो अपराध की दुनिया में उलझा हुआ था। उनकी अदाकारी को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा था।



# अमेरिका की फर्स्ट लेडी की जिंदगी की मिली झलक...

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें मेलानिया ट्रंप से ही शुरुआत होती है। वह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सफर को दिखाती है। किस तरह से उन्हें सलाह और सपोर्ट देती है, इन बातों की झलक ट्रेलर में मिलती है। ट्रेलर के आखिरी में मेलानिया और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत होती है। वह कहती हैं, 'हैलो मिस्टर प्रेसिडेंट, बधाई हो। इस पर डोनाल्ड ट्रंप पूछते हैं, क्या तुमने देखा? मेलानिया जवाब देती हैं, 'हां, मैं इसे न्यूज में देखा। यह बातचीत उस समय की जब ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज डेट भी शेयर की गई है। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल थिएटर में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की रिलीज डेट 30 जनवरी 2026 है।



# नया गाना आदत रिलीज किया शानदार डांस

**मुंबई।** सिंगर हनी सिंह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। इस बार वह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर और एपी ढिल्लों के साथ गाना 'आदत' लेकर आए हैं। 3 मिनट 42 सेकंड के वीडियो में हनी सिंह गाना गा रहे हैं और वाणी कपूर के साथ डांस भी कर रहे हैं। यह गाना एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के तहत आया है। गाने में देखा जा सकता है कि वाणी कपूर ने कई बेहतरीन आउटफिट में डांस किया है। गाने में वह कभी एपी ढिल्लों के साथ डांस कर रही हैं तो कभी हनी सिंह के साथ डांस कर रही हैं। गाने में समुद्र, स्विमिंग पूल, घोड़े के अस्तबल और शानदार घर नजर आए हैं। 'आदत' के लिरिक्स हनी सिंह, एपी ढिल्लों और शिंदा कहलों ने लिखे हैं। विनोद वर्मा ने इस गाने को म्यूजिक दिया है। गाने के वीडियो के निर्देशक मिहिर गुलाटी हैं।



# अब अजय की दृश्यम-3 की हुई घोषणा...

**मुंबई।** अजय देवगन की सुपरहिट सस्पेंस-थ्रिलर दृश्यम के तीसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में मोहनलाल ने दृश्यम 3 के असली मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू की थी। अब अजय की दृश्यम 3 को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेकर्स ने सोमवार को अजय स्टारर 'दृश्यम 3' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। दृश्यम 3 का निर्देशन का अभिषेक पाठक ने किया है। 2 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म की कास्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, उम्मीद है कि तीसरे पार्ट में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पिछले पार्ट में खत्म हुई थी। ऐसे में अब देखना ये है की फिल्म की कास्ट में कोई बदलाव होता है या नहीं। सबसे ज्यादा निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या अक्षय खन्ना का किरदार इस फिल्म में दिखाई देगा या नहीं।

टीवी मसाला



# खाने के लिए पैसे नहीं थे मुश्किल से किया गुजारा

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी, मायका, प्यार का बंधन, आहट, संस्कार लक्ष्मी जैसे पॉप्युलर टीवी शो का हिस्सा रह चुके विवान भटेना को हाल ही में फरहान अख्तर की 120 बहादुर में देखा गया था। शरारत एक्टर ने अपने कॅरियर के पीक पर टीवी को छोड़ दिया था और इसकी वजह एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताई है। उनके मुताबिक, एक समय पर उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि वह मुश्किल से गुजारा कर पाते थे। विवान भटेना ने बताया, मुझे हमेशा से ही एनआरआई वाले रोल्स मिलके थे। लेकिन, इस बात को कोई नहीं मानता था कि मेरे पास खाने के लिए भी पैसा नहीं होते थे। हम जैसे-तैसे गुजारा करते थे। हालांकि, मैं ये नहीं कहूंगा कि हम बहुत गरीब थे, लेकिन वाकई गुजारा करना मुश्किल था। विवान ने आगे बताया कि उन्हें कुछ पैसे कमाने के लिए वीडियो जॉकी के रूप में काम करना पड़ा था। मुझे टीवी थोड़ा बोरिंग लगने लगा था। उससे ऊब गया था। क्योंकि, मैं 7-8 साल से एक ही काम कर रहा था। एक्टर के मुताबिक, वह उस वक्त एक साथ दो शोज कर रहे थे। वह सुबह उठते ही जिम जाते थे। सुबह 9 बजे तक सेट पर पहंच जाते थे और 2 बजे तक शूटिंग करते थे। फिर दूसरे सेट पर जाते और वहां रात के 10 बजे से सुबह 2 बजे तक शूटिंग करते थे। विवान ने बताया कि इस तरह शूटिग करने से उनकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ा था। लेकि,न वह मजबूरन ये करते थे क्योंकि उनकी शादी हो चुकी थी और उन पर कई जिम्मेदारियां थी। उन्होंने कहा कि टीवी के शुक्रगुजार हैं, क्योंकि उसकी वजह से ही वह अपना होमलोन चुका पाए थे। आज टीवी की वजह से ही मेरे पास बांद्रा में दो घर हैं। लोग इस मीडियम को घटिया कहते हैं। नीची नजर से देखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।

## घिन आ रही, सबसे डरावना अनुभव था


**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो स्टार उर्फी जावेद चर्चा में हैं। उन्होंने मुंबई पुलिस स्टेशन से अपनी और बहन की फोटो शेयर करके फैंस को हैरान कर



दिया है। उर्फी ने सोमवार तड़के अपनी फोटो शेयर की, जो देखते ही देखते वायरल हो गई। उन्होंने ये जानकारी नहीं दी है कि वो पुलिस स्टेशन में क्यों है। उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी और बहन डॉली जावेद की फोटो शेयर की। उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का 'सबसे डरावना अनुभव' बताया। उनकी बहन डॉली जावेद ने भी एक पोस्ट किया है, जिसमें बताया है कि मुंबई में एक हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब उन्हें असुरक्षित महसूस हो रहा है। उर्फी जावेद ने 22 दिसंबर की सुबह मुंबई के दादाभाई नौरोजी पुलिस स्टेशन से कुछ फोटोज इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कीं। एक फोटो में वो और उनकी बहन पुलिस स्टेशन में नजर आ रही थीं। कैप्शन में उर्फी ने लिखा, 'सुबह के 5 बज रहे हैं और मैं पुलिस स्टेशन में हूं।

# सेंसर बोर्ड ने 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का हटाया सीन...

मुंबई। बॉलीवुड की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की यह फिल्म इस साल की क्रिसमस रिलीज मानी जा रही है और 25 दिसंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। रिलीज से पहले अब फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सेंसर बोर्ड की ओर से यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। यानी अब यह फिल्म 16 साल से कम उम्र के दर्शक माता-पिता की निगरानी में ही देख सकेंगे। यह फैसला फिल्म के कुछ सीन और डायलॉग्स को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि सेंसर बोर्ड की जांच समिति ने फिल्म में कुल तीन बदलाव करने के निर्देश दिए थे। इनमें सबसे अहम बदलाव एक रोमांटिक सीन से जुड़ा है, जिसे बोर्ड ने जरूरत से ज्यादा बोल्ड मानते हुए छोटा करने को कहा। इसके चलते करीब 15 सेकंड



का एक सीन फिल्म से कम कर दिया गया है। हालांकि, मेकर्स ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई और तुरंत बदलावों को स्वीकार कर लिया। इसके अलावा, फिल्म के कुछ डायलॉग्स और सबटाइटल्स में इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक शब्दों को भी हटाने या म्यूट करने के निर्देश दिए गए। खास तौर पर फिल्म के सेकंड हाफ में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों और उनके संक्षिप्त रूपों पर सेंसर बोर्ड ने आपत्ति जताई थी। सभी बदलाव पूरे होने के बाद ही फिल्म को सर्टिफिकेट जारी किया गया।

# एक दीवाने की दीवानियत से मिडिल क्लास तक

## दिसंबर के आखिरी सप्ताह में रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** सोमवार से नए सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है। यह इस साल का आखिरी वीक है। दिलचस्प बात है कि क्रिसमस का त्योहार भी इसी सप्ताह पड़ रहा है। थिएटर्स में कई नई फिल्में दस्तक देंगी। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में अगर आप ओटीटी पर ही एंटरटेनमेंट का डोज लेना चाहते हैं तो इस बार आपके लिए भी काफी कुछ खास है। जानिए

***मिडिल क्लास*** : अगर आपको कोई कॉमेडी फिल्म देखनी है तो इस वीक 'मिडिल क्लास' को लिस्ट में शामिल कर लीजिए। यह कॉमेडी से लबरेज एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। तमिल फिल्म 'मिडिल क्लास' 25 दिसंबर से जी5 स्ट्रीम होगी।

***रोंकिनी भवन*** : यह एक बंगाली साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है, जो नई शादीशुदा जूथिका (श्यामोप्ति मुडली) और आदित्यनाथ (गौरब रॉय चौधरी) की कहानी पर आधारित है। घर में हाल ही में शादीशुदा महिलाओं के गायब होने या दुखद मौत का एक परेशान करने वाला पैटर्न है। साथ ही एक भयानक पारिवारिक परंपरा और पौराणिक देवी रोंकिनी से जुड़ा एक कथित श्राप भी है। जूथिका इनका पता लगाती है। इस दौरान वह रीति-रिवाजों, रहस्यों और पीढ़ियों से चले आ रहे डर की भूलभुलैया से भी गुजरती है। तभी वह परिवार के डरावने अतीत का शिकार होने से बच पाएगी। यह सीरीज भी 25 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे।




***एक दीवाने की दीवानियत*** : हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा अभिनीत फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 26 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

***रिवॉल्वर रीटा*** : कीर्ति सुरेश की डार्क कॉमेडी फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। इसकी डिजिटल रिलीज का ऐलान हो चुका है और इस हफ्ते दर्शक इसे देख पाएंगे। 'रिवॉल्वर रीटा' 26 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

***कवर अप*** : इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड फिल्म भी है। फिल्म 'कवर अप' इस वीक दस्तक देगी। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी पर आ रही है और 26 दिसंबर से 26 नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## किसी ने एक्शन-थ्रिलर के जरिए तो किसी ने रिश्ते और समाज पर पेश की गहरी कहानी

# इस साल डायरेक्टर के तौर पर इन सितारों ने किया डेब्यू

*__नई दिल्ली।__ साल 2025 हिंदी सिनेमा के लिए कई मायनों में खास रहा। इस साल न सिर्फ बड़े सितारों की फिल्में चर्चा में रहीं, बल्कि कई नामी कलाकारों ने पहली बार निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभाली। किसी ने एक्शन और थ्रिलर के जरिए अपनी बात रखी, तो किसी ने रिश्तों, समाज और सिनेमा पर गहरी कहानी पेश की।*

**सोनू सूद- फतेह** : साल की शुरुआत में सोनू सूद ने निर्देशन में कदम रखा। उनकी फिल्म फतेह एक ऐसे पूर्व एजेंट की कहानी कहती है, जो शांति भरी जिंदगी छोड़कर साइबर अपराध की दुनिया से भिड़ने निकलता है। बतौर निर्देशक सोनू सूद ने एक गंभीर विषय को चुना, हालांकि फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली और बॉक्स ऑफिस पर यह ज्यादा कमाल नहीं दिखा सकी।

**बोमन ईरानी- द मेहता बॉयज** : अनुभवी अभिनेता बोमन ईरानी ने निर्देशन की शुरुआत बेहद संवेदनशील विषय से की। द मेहता बॉयज में पिता और बेटे के रिश्ते की जटिलताओं को सादगी से पेश किया गया। फिल्म को कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना मिली और ओटीटी पर रिलीज के बाद इसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

**करण सिंह - केसरी चैप्टर 2** : पेशे से वकील रहे करण सिंह त्यागी ने अपने निर्देशन डेब्यू में इतिहास और कानून को जोड़ते हुए एक सशक्त कहानी दिखाई। केसरी चैप्टर 2 जलियांवाला बाग कांड को एक कानूनी दृष्टिकोण से पेश करती है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर संतुलित प्रदर्शन किया और समीक्षकों ने इसके कंटेंट की तारीफ की।

**कुश - निकिता रॉय** : शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे कुश एस सिन्हा ने अभिनय छोड़ निर्देशन को चुना। उनकी थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आईं। बावजूद इसके, फिल्म ज्यादा चर्चा में नहीं आ सकी और दर्शकों के बीच खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई।

**अंशुमन झा- लॉर्ड कर्जन की हवेली**
अंशुमान झा का निर्देशन डेब्यू लंबे इंतजार के बाद रिलीज हुआ। डार्क कॉमेडी जॉनर में बनी इस फिल्म ने अलग सोच दिखाई, लेकिन न तो बॉक्स ऑफिस पर और न ही समीक्षकों के बीच खास प्रभाव छोड़ पाई।







**टिस्का चोपड़ा- साली मोहब्बत** : अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने साली मोहब्बत के जरिए निर्देशन में कदम रखा। फिल्म एक साधारण गृहिणी की असाधारण कहानी कहती है। ओटीटी पर रिलीज हुई इस फिल्म को मिश्रित से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं और तिस्का के निर्देशन की सराहना भी हुई।

**अश्विन -महावतार नरसिम्हा** : 2025 का सबसे बड़ा सरप्राइज़ साबित हुए अश्विन कुमार। बिना किसी बड़े स्टार और सीमित बजट में बनी महावतार नरसिंह ने भारतीय एनीमेशन सिनेमा को नई ऊंचाई दी। तकनीक और कहानी की वजह से फिल्म साल की सबसे बड़ी हिट्स में शामिल रही और इसके फ्रेंचाइजी की घोषणा भी हो चुकी है।

**आर्यन - द बैड्स ऑफ बॉलीवुड** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का निर्देशन डेब्यू सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा। उन्होंने एक सटायर सीरीज़ के जरिए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की कार्यशैली पर तंज कसा। विवादों, वायरल सीन और बोल्ड कंटेंट के कारण यह डेब्यू लंबे समय तक चर्चा में बना रहा।

**कायोज- सरजमीन** : बोमन ईरानी के बेटे कायोज़ ईरानी ने भी इसी साल निर्देशन में कदम रखा। सरज़मीन एक संवेदनशील विषय पर बनी फिल्म थी, जिसे ओटीटी पर रिलीज़ किया गया। फिल्म को ठंडी प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बतौर निर्देशक कायोज के प्रयासों को नोटिस किया गया।

**चिन्मय - इंस्पेक्टर जेंडे** : मराठी सिनेमा के चर्चित अभिनेता चिन्मय मंडलेकर ने निर्देशन में कदम रखते हुए एक सच्ची घटना को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया। इंस्पेक्टर जेंडे को ओटीटी पर अच्छी समीक्षाएं मिलीं, खासतौर पर इसके अभिनय और ट्रीटमेंट के लिए।

## खबर संक्षेप

### एसडी कॉलेज में जीवन में नैतिक मूल्य का महत्व विषय पर सेमिनार



**नवागढ़।** एस. डी. महाविद्यालय नवागढ़ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जीवन में नैतिक मूल्य का महत्व विषय पर रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से डॉ. तरुण धर दीवान ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी के पास ताकत है, जो लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग प्रदान करता है उन्होंने विनम्रता एवं सद्भावना के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया । प्रोफेसर बी.के. पटेल ने नैतिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि मेहनत और लगन से कार्य करने पर सफलता मिलती है उन्होंने संस्कृत, अंग्रेजी के कोटेशन के माध्यम से नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। अविनाश केशरवानी डॉ. कमलेश पाण्डेय, डॉ. आई. के कौशिक एवं डॉ. सुनीता मिश्रा ने भी जीवन के नैतिक मूल्यों पर अपना विचार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मनोज खानडेकर (एस.डी.एम.) रवि शंकर पाण्डेय, मनोज विश्वकर्मा, करण भारद्वाज, प्रीति वर्मा, कुंती कश्यप, रूपेश बंजारे, चंद्र विजय महिलांगे, राजेश कश्यप, नरेंद्र जलतारे,महेंद्रर कुर्रे राम गोपाल बंजारे, एन. पी. तिवारी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### विधायक ने कमलेश को खनिज विभाग का नियुक्त किया प्रतिनिधि



**बम्हनीडीह।** खनिज विभाग से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विधायक बालेश्वर साहू ने कमलेश कश्यप को खनिज विभाग का जिला विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि कमलेश कश्यप क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं और खनिज विभाग से संबंधित मामलों में उनकी सक्रिय भूमिका रहेगी। उनके माध्यम से खनन कार्यों में नियमों का पालन, स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। नवनियुक्त जिला विधायक प्रतिनिधि कमलेश कश्यप ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, जनहित और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने कमलेश कश्यप को शुभकामनाएं दी है।

### रजत जयंती वर्ष पर निर्माता निर्देशक अखिलेश सम्मानित



**चांपा।** रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम 'छत्तीसगढ़ फिल्म का सफर' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन छत्तीसगढ़ी सिनेमा की विकास यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में बी. टी. एस.फिल्म प्रोडक्शन के संस्थापक एवं निर्माता-निर्देशक अखिलेश कोमल को सम्मानित किया गया। अखिलेश कोमल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए काहा कि छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सर्वांगीण विकास और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। सरकार फिल्म निर्माण, कलाकारों, तकनीशियनों और स्थानीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म जगत से जुड़े अनेक वरिष्ठ कलाकारों, निर्देशकों, निर्माताओं एवं तकनीशियनों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे सिनेमा से जुड़े लोगों का मनोबल और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहे। साथ ही कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, विवेक आचार्य सहित बड़ी संख्या में फिल्म जगत के साथी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## निधन

### प्रदीप अग्रवाल



**शिवरीनारायण।** नगर के प्रमुख दवा व्यवसायी संतोष अग्रवाल के बड़े भाई प्रदीप अग्रवाल का सोमवार 22 दिसंबर को 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पंकज अग्रवाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार काली मंदिर के पीछे महानदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, संबंधी, एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### बेसिक पुलिसिंग के महत्व बताते हुए जनता से अच्छा व्यवहार करने दिए निर्देश

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण दरबार लगाकर सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला वार्षिक निरीक्षण करने दो दिवसीय प्रवास पर सक्ती जिला पहुंचे। उन्होंने एसपी कार्यालय, एसडीओपी व थाना का निरीक्षण किया। साथ ही दरबार लगाकर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी।

जिला पुलिस सक्ती का वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम 22 एवं 23 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। पुलिस महानिरीक्षक 22 दिसंबर को जिले में आगमन के दौरान सर्वप्रथम थाना बाराद्वार का निरीक्षण किया। आईजी श्री शुक्ला ने लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग एवं लंबित महत्वपूर्ण शिकायतों तथा लघु अधिनियम में की गई कार्यवाही की समीक्षा किया। उन्होंने लंबित प्रकरणो को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिये तथा लघु अधिनियम के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देश दिया। थाना परिसर एवं रिकार्ड रूम मालखाना, सीसीटीएनएस, विवेचक कक्ष का भ्रमण कर उपस्थित स्टाफ से उनकी समस्याओं को सुना। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सक्ती पहुंचकर कार्यालय का निरीक्षण किया। डायजेस्ट एवं विभागीय जांच तथा लंबित शिकायतो की समीक्षा किये तथा त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती हरीश यादव उपस्थित रहें। पुलिस महानिरीक्षक 23 दिसंबर को प्रातः 8 बजे जेठा कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय द्वारा किया गया। राजपत्रित अधिकारियों तथा कर्मचारियो के 5 प्लाटून परेड में शामिल था। परेड निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर एवं राजपत्रित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। परेड के दौरान ड्रील तथा बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया। परेड में अच्छी गणवेश धारण किये गये पुलिस जवानो को पुरस्कृत किये। जनसमस्या एवं कानून व्यवस्था की स्थित निर्मित होने पर त्वरित बल उपलब्ध कराने में उपयोगी शासकीय वाहनों का भी निरीक्षण कर तथा वाहनों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस दरबार में पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष जवानों ने अपनी समस्या को रखा, जिस पर उन्होंने निराकरण करने सहमति प्रदान की। नवनियुक्त 5 आरक्षको को पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला द्वारा उनकी नियुक्ति आदेश उन्हे प्रदाय कर अच्छी सेवा करने के लिए शुभकामनायें दिये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो को जनता से अच्छा व्यवहार करने के लिए समझाईश दिये तथा अपने स्वयं के परिवार को समय देने एवं अपने खुद के शरीर को स्वस्थ रखने के संबंध में विशेष रूप से समझाईश दिये ताकि स्वस्थ शरीर के माध्यम से विभाग को अच्छी सेवा प्रदाय की सके। प्रत्येक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी से उनके द्वारा अपील की गई कि आगामी नववर्ष 2026 में प्रत्येक माह में प्रत्येक पुलिसकर्मी जनहित में कम से कम एक अच्छा काम करने का संकल्प लेवें। इसके अतिरिक्त बेसिक पुलिसिंग के महत्व को बताते हुये सूचनातंत्र को मजबूत करने हेतु निर्देशित किये साथ ही नवीन कानूनो में प्रावधानित विभिन्न तकनीको का प्रयोग करते हुये अपराध अन्वेषण में गुणवत्ता लाने की समझाईश दिये। पुलिस को अपना अनुशासन बनाये रखने के लिए अपने कार्य के प्रति गंभीर रहने के संबंध में पुलिसकर्मियो को निर्देशित किये। पुलिस दरबार के उपरांत नवीन पुलिस लाईन में विभिन्न थाना-चौकी में जब्त मादक पदार्थ का नष्टीकरण की कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक की उपस्थिति में की गई। इसके उपरांत उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती की विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण कर उनके कार्यो का समीक्षा कर संबंधित प्रभारियो को बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



परेड का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला।

---



## फेडरेशन के 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में एकजुट हुए कर्मचारी-अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन, जिला शाखा के तत्वावधान में तृतीय चरण के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन को लेकर जिले भर में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है।

- 29, 30 व 31 दिसंबर को फेडरेशन का तीन दिवसीय कलम बंद–काम बंद आंदोलन

फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में एकजुट हो रहे हैं। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र के समान राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करना, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र लागू करना सहित कुल 11 महत्वपूर्ण मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करना है। आंदोलन के समर्थन में मंगलवार को जिला मुख्यालय में सघन संपर्क एवं समर्थन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कलेक्टर कार्यालय के समस्त विभागों, जिला कोषालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यालय, आबकारी विभाग, आदिमजाति विभाग, एसडीएम कार्यालय, रजिस्ट्रार एवं तहसील कार्यालय सहित शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन के उद्देश्यों एवं मांगों की विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अवकाश आवेदन भरकर आंदोलन में सहभागिता की सहमति दी। संपर्क अभियान के दौरान फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार, जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देवांगन, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सचिव मनहरण थवाईत, राजस्व पटवारी संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव सहित फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में धनंजय ने जीता स्वर्ण पदक



**अकलतरा।** वेस्ट इंडिया क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 सब जूनियर ,जूनियर व सीनियर महिला एवं पुरुष का आयोजन 19 दिसंबर से 21 दिसंबर वघेला जी गार्डन एम आर 10, इंदौर मध्य प्रदेश में किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में छतीसगढ़ राज्य के धनंजय यादव ने 59 किलो ग्राम वजन वर्ग समूह में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। धनंजय यादव ने 200 किलो ग्राम स्कोट ,100 किलो ग्राम का ब्रेंचप्रेस एवं 230 किलो ग्राम का डेडलिफ्ट किया एवं 530 किलो ग्राम का भार उठाकर छत्तीसगढ़ राज्य को स्वर्ण पदक एवं स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ वेस्ट इंडिया का खिताब छत्तीसगढ़ राज्य के नाम करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य,जिला जांजगीर चाम्पा, अकलतरा( लटिया ) का नाम गौरवान्वित किया है। धनंजय यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच दिलीप पटेल व कोच विघ्नेश कुमार , माता पिता व डी एल फिटनेस क्लब को दिया है। छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ्टिंग व पॉवरलिफ्टिंग इंडिया के ट्रैज़रर कृष्णा साहू एवं सदस्यों ने धनंजय को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

## प्रशासन गांव की ओर शिविर में समस्या को लेकर पहुंचे 22 पंचायतों के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान में विभिन्न कार्यक्रम किया गया और सुशासन को बढ़ावा देने, आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

- देवरी में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन

इस अभियान के तहत बम्हनीडीह ब्लॉक के तृतीय जोन का आयोजन 23 दिसंबर को हायर सेकेंड्री स्कूल देवरी में किया गया। जहां लगभग 22 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने अपने समस्या को लेकर पहुंचे थे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने केंद्र में भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ के भाजपा शासन विष्णुदेव साय के विकास कार्यों व शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे क्षेत्र के ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर मनीष कुमार केवट सरपंच देवरी, शक्ति भाजपा जिला उपाध्यक्ष भुवन भास्कर यादव, बीडीसी श्रीमती इंद्रावती संतराम प्रधान, सारागांव भाजपा मंडल महामंत्री जोहन यादव, अजा. मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केशव करियारे, रामसिंह राठौर पंच, रामशंकर राठौर सामाजिक कार्यकर्ता, रामानुज राठौर कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल सारागांव, राकेश अग्रवाल भाजपा कार्यकर्ता, रामनाथ टंडन उपसरपंच, बाबूलाल बरेठ, मुकेश कुमार सागर सरपंच अमरुवा, प्यारेलाल सूर्यवंशी सरपंच खमहिया, नोडल अधिकारी हुलासराम पटेल (सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी) तथा सहायक नोडल अधिकारी श्याम कुमार सिदार (आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी), ग्राम पंचायत सचिव फिरनलाल राज, बरमलाल साहू, शंकरलाल यादव, कांशी देवांगन, सुरीतराम कर्ष, अरविंद राठौर, ग्राम रोजगार सहायक दिनेश कुमार भैना, आवास मित्र संत कुमार, सक्रिय महिला ज्योति कर्ष, बिहान क्लस्टर श्रीमती अन्नपूर्णा राठौर, श्रीमती पूनम राठौर, सहित सभी विभाग के कर्मचारीगण, क्षेत्र ग्रामीणजन उपस्थित थे।



शिविर में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित ग्रामीण।

---

## स्वाभिमान जगाओ साइकिल यात्रा पर निकले पीतांबर

**हसौद।** गुरु पर्व के अवसर पर 1 दिसंबर से ऐतिहासिक सतनाम आंदोलन सतनामी स्वाभिमान जगाओ साइकिल यात्रा प्रारंभ ग्राम भनेतरा हसौद से संघर्षशील परिवातर्तनवादी पितांबर बंजारे ने किया है। 23 दिनों में अभी तक 208 गांवों में पहुंचे है जो हसौद, जैजैपुर, बाराद्वार, सक्ति होते हुए अभी मालखरौदा परिक्षेत्र के आमनदुला सेंदुरस गांव में सतनामी स्वाभिमान जगाओ साइकल यात्रा पहुंचा है। जहां से कल प्रारंभ सेंदुरस, सराडोल, सतगढ़,होते हुए पिहरिद में रात्रि विश्राम होगा, जो की सतनामी स्वाभिमान जगाओ साइकिल यात्रा 490 किलो मीटर का सफर तय किया है। समाज के लोग बड़े पैमाने में सतनाम आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहें। समाज के लोग सतनाम आंदोलन को स्वीकार रहें है। जिला शक्ति के प्रत्येक गांवों में पहुंचाने के लिए संकल्प होकर घर छोड़ निकले है, जब तक गुरु घासीदास के सतनाम आंदोलन को फिर से समाज में जीवित कर न लेंगे तब तक रुकने वाले नहीं हैं। मानव मानव एक समान संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए संघर्षरत हैं। जातिगत अन्याय अत्याचार भेद भाव ऊंच नीच असमानता के खिलाफ़ आवाज उठाने के लिए समाज को जागरूक किया जा रहा है ताकि कही हमारे समाज के साथ जातिगत भेद भाव ऊंच नीच के भावना को खत्म कर सकें और इसके लिए समाज में शिक्षा की महत्व को समझ रहे हैं।

---

## एनएसएस सिखाता है अनुशासन एवं समय प्रबंधनः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा द्वारा आयोजित एन एस एस शिविर का उद्घाटन छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम पंचायत परसाही नाला की सरपंच देवमती महेंद्रपाल, उपसरपंच मालती बाई के विशिष्ट आतिथ्य में ध्वजारोपण कर किया गया।

- छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एन एस एस शिविर का उद्घाटन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अनुशासन , समय प्रबंधन के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग अत्यंत आवश्यक है। छात्रों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनुशासन और समयबद्धता अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम को सरपंच श्रीमती देवमती महेंद्रपाल उपसरपंच मालती बाई, महेंद्र पॉल नेताम , कृष्ण कुमार जगत , रविन्द्र कुमार , प्रकाश बोरकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सरपंच घनश्याम गंधर्व ने गीतों के माध्यम से समा बांध दिया। एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार यादव ने अतिथियों को मोमेंटो , शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया। यह शिविर नशा मुक्त समाज के लिए थीम को लेकर सामाजिक सेवा, स्वच्छता एवं युवा जागरूकता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के विकास में योगदान देने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में संजय कुमार यादव पोड़ी दल्हा , दुर्गा यादव, किरण गंधर्व, कविता मरकाम, जलेश्वर मरकाम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के शिविरार्थी।

---

## मछुआरा संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जांजगीर से राष्ट्रीय मछुआरा समाज के प्रतिनिधि मंडल गायत्री गायग्वाल की अध्यक्षता में दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी से भेंट कर पुष्पगुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर गायत्री गायग्वाल ने कहा कि आपके नेतृत्व और समृद्ध अनुभवों से छग की वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियां, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण होगा। आगामी फरवरी 2026 में जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर में आयोजित होने वाले भक्त गुहा निषाद राज एवं कालवीर महर्षि कालू बाबा जयंती और शोभायात्रा के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी ने आमंत्रण के लिए समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मछुआरा समाज की पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राजभूषण चौधरी ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब वह राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। छत्तीसगढ़ एनएएफ राष्ट्रीय मछुआरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गायग्वाल, उपाध्यक्ष लोकनाथ ढीमर, ओम प्रकाश धीवर, मनहरण धीवर, नवीन धीवर, सुरेश ढीमर, हेमंत धीवर, अजय फुटान, रामबनवास सहित वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।



गुलदस्ता भेंटकर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री का स्वागत करते मछुआरा समाज के लोग।

---

### लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक उत्सव

# विद्यार्थियों को दें संस्कार ताकि बड़ा होकर दूसरों को भी कर सकें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में सिंदूर नए भारत की शक्ति विषय पर वार्षिक उत्सव समारोह स्कूल के मैनेजर सीएम पांडेय के मुख्य आतिथ्य, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम पांडेय ने कहा कि डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा देश भर में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के साथ संस्कारित करने का कार्य किया जा रहा है। जीवन में लक्ष्य बनाकर लक्ष्य की ओर अग्रषित होना चाहिए सफलता हमें जरूर मिलेगी। बच्चों को हमें बचपन से ही संस्कार प्रदान करना चाहिए। जिससे आगे जाकर वह दुनिया में अच्छा इंसान बनने के साथ दूसरों को भी अपने जीवन से प्रेरित कर सके। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का महत्व बढ़ाने के साथ-साथ हम नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करके सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। रंग का महत्व और जीवन तथा राष्ट्र के विकास में इसका प्रभाव सपने और आकांक्षा, सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता, डिजिटल इंडिया, राष्ट्र की शक्ति को बढ़ाने, भारत को हरा-भरा और स्वच्छ रखें, बापू का विजन, बच्चों के समग्र विकास में मूल्यों का समावेश और माता-पिता और शिक्षकों की सहयोगात्मक भूमिका और भय पर विजय प्राप्त करना और बुराइयों और शैतानों को हराना प्रस्तुति की खूब सराहना की गई। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सच्चे योद्धाओं को सलाम, विश्व कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विजय और वीरांगना झांसी की रानी का योगदान जैसे मनमोहक प्रदर्शनों के माध्यम से याद किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं सीमा देबनाथ व अरुणा शर्मा को शिक्षक उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायन दीनदयाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विनोद सिंघानिया लायंस क्लब के सदस्यगण एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



सम्मानित करते अतिथि।

---



## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नपं अध्यक्ष ने खिलाए बेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

जिला प्रवास पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को प्रसाद स्वरुप नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बेर खिलाया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा को शबरी माता की नगरी शिवरीनारायण के धार्मिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरणसिंह देव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत शिवरीनारायण की प्रदर्शनी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी रही। प्रदर्शनी में नगर की धार्मिक महत्ता और भावी विकास कार्यों की रुपरेखा का प्रदर्शनी किया गया था। नगर पंचायत द्वारा नगर को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त रखने के प्रयास की सराहना हुई। नगर में पर्यटन की अपार संभावनाओं की जानकारी प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई थी।